## महत्वपूर्ण एवं खास

### ग्राम पंचधार के जुआ खेलते 6 जुआरियों से 11 हजार रुपए जब्त

**रायगढ़।** दिनांक 02/01/2022 को थाना प्रभारी सरिया उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में सरिया पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम पंचधार के पोबिया पारा सार्वजनिक मंच पर 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे जुआडियान को घेराबंदी कर पकड़ा गया है। मौके पर पकड़े गये जुआडियान 1. विजय अग्रवाल पिता स्व. चांद अग्रवाल उम्र 40 वर्ष 2. श्रवण कुमार प्रधान पिता गौरांग प्रधान उम्र 45 वर्ष 3.सुमंत गुप्ता पिता कृपाराम गुप्ता उम्र 52 वर्ष 4. जयंत प्रधान पिता शत्रुघन प्रधान उम्र 45 वर्ष 5. लखपति पटेल पिता लिंगराज पटेल उम्र 45 वर्ष 6. हुरदानंद चौहान पिता रसिक चौहान उम्र 46 वर्ष सभी निवासी ग्राम पंचधार थाना सरिया के पास एवं जुआ फड से 11,040 रूपये नकदी एवं 52 पत्ती ताश की जप्ती की गई है। रेड कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल, प्रधान आरक्षक भुवनेश्वर पंडा, श्रीराम साहू, आरक्षक राजकुमार साव, मोहन गुप्ता, सियाराम कोरस, सत्यम मंडलोई, रामजीलाल सारथी शामिल थे।

### आबकारी विभाग ने 663 मामलों में 2450 लीटर की शराब जब्त

**रायगढ़ ।** धरमजयगढ़ क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री की लगातार शिकायत मिलने पर सहायक आयुक्त आबकारी ने अपने विभागीय अमले को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। आबकारी टीम ने वहां जाकर कार्यवाही की तो सुमित्रा सारथी के घर की तलाशी में 21 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद हुई। आरोपी 2 लीटर बोतलों में भरकर शराब बेचती थी। सारंगढ़ क्षेत्र में कोसीर के पास लेन्ध्रा गांव वासियों द्वारा अवैध शराब बिक्री की सूचना पर मिलने कार्यवाही के दौरान लेन्ध्रा के सुरीत सतनामी को एक जरकिन में शराब बेचने के लिए रखे हुए पाया। इसी प्रकार सालर चौकी कनकबीरा के सूरदास मानिकपुरी को भी 2 लीटर शराब के साथ पकड़ा गया। उक्त आरोपियों के विरूद्ध सारंगढ़ न्यायालय में चालन पेश किया गया है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के अब तक 663 मामले दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालयीन कार्यवाही की गई है। इन प्रकरणों में कुल 2450 लीटर शराब और 14,960 कि.ग्रा.शराब बनाने की सामग्री जप्त की गई है साथ ही अवैध शराब परिवहन करते 12 गाड़ियां भी जप्त की गई है।

### त्रिस्तरीय पंचायत आम/उप निर्वाचन हेतु एस.जगदीशन सामान्य प्रेक्षक नियुक्त

**रायगढ़ ।** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2021-22 हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला रायगढ़ के लिए एस.जगदीशन (भा.व.से.)को सामान्य प्रेक्षक (त्रिस्तरीय पंचायत)नियुक्त किया गया है। आम जनता प्रेक्षक से पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक सर्किट हाऊस, रायगढ़ में मिल सकते है। उनका मोबाइल नंबर 70672-90590 है। सामान्य प्रेक्षक जगदीशन के सहयोग हेतु उप वनमंडलाधिकारी घरघोड़ा हेमचंद पाहरे मोबा.नं.90096-66570 तथा उप वनमंडलाधिकारी रायगढ़ आर.आर.पैकरा मोबा.नं.91318-62589 को लाइजनिंग आफिसर बनाए गए है।

# जल जीवन मिशन में सामग्री की गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान : कलेक्टर भीम सिंह

» कलेक्टर भीम सिंह ने जल जीवन मिशन की ली समीक्षा बैठक

» 2 जनवरी तक 18 हजार 146 घरों तक पहुंचा नल कनेक्शन



**रायगढ़ ।** जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखें। ओव्हर हैड टैंक, पाईप और वाल्व की क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए, जिससे हितग्राहियों को जलापूर्ति में किसी प्रकार की समस्या न हो। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने आज जल जीवन मिशन की मासिक प्रगति की समीक्षा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि घरेलू नल कनेक्शन विस्तार के लिए किए जा रहे कार्यों में लगने वाली सामग्री अच्छी गुणवत्ता के होने चाहिए। उन्होंने ईई पीएचई को अब तक हुए कार्यों की रेण्डम जांच कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सिंगल विलेज, मल्टी विलेज व सोलर योजना के तहत चल रही योजनाओं के तहत सारे स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए कहा।

कलेक्टर भीम सिंह ने जिला जल स्वच्छता मिशन की बैठक में अब तक हुए कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल उपस्थित रहे। कलेक्टर सिंह ने पूर्व की बैठक में योजना से संबंधित स्वीकृत कार्यों की प्रगति और वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने जल्द सभी योजनाओं के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने क्रेडा द्वारा सोलर पंप स्थापित करने संबंधित कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सोलर पंप स्थापित एवं टंकी बनाने संबंधित कार्यों के लिए जारी कार्यादेश के अनुसार काम जल्द पूरा करने के लिए विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया।

कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन की अद्यतन प्रगति एवं निविदाओं की स्वीकृति के अनुमोदन पर चर्चा की। ईई पीएचई संजय सिंह ने बताया कि रेट्रोफिटिंग योजना के 346, सिंगल विलेज योजना के 345, सोलर योजना के 276 सहित कुल 967 योजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है तथा 664 योजनाओं की निविदायें जारी की जा चुकी है। जिसमें से 445 योजनाओं में कार्यादेश जारी किया गया है तथा 189 कार्य प्रारंभ कर दिये गये है। जिसमें से 2 जनवरी तक की स्थिति में 18 हजार 146 घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किए जा चुके है।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, ईई पीएचई संजय सिंह, महिला बाल विकास अधिकारी टी.के.जाटवर, सहायक शिक्षा कृषि हरीश राठौर सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन, स्वास्थ्य विभाग व क्रेडा सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**स्कूल, आंगनबाड़ी में शेष कार्य जल्द करें पूरा**

बैठक के दौरान कलेक्टर सिंह ने आंगनबाड़ी, स्कूलों, स्वास्थ्य केन्द्र, ग्राम पंचायत भवन आदि में नल के माध्यम से रनिंग वाटर पहुंचाये जाने की समीक्षा की। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्राथमिकता से रनिंग वाटर का कार्य पूरा करने के लिए कहा। यहां उन्होंने पानी के लिए इंडीपेन्डेन्ट सोर्स बनाने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत, आश्रम-छात्रावास के शेष बचे भवनों में भी रनिंग वाटर का कार्य पूर्ण करने के लिए कहा।

## 15 लीटर महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

» घर पर अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना पर पूंजीपथरा पुलिस की कार्रवाई



**रायगढ़।** आज दिनांक 03.01.2022 के दोपहर थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक कृष्णकांत सिंह को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम उज्जवलपुर नीचेपारा में रहने वाली महिला रजनी कसेर घर में अवैध रूप से महुआ शराब बेच रही है। थाना प्रभारी द्वारा सहायक उप निरीक्षक सिमसोन मिंज, महिला आरक्षक देवमति मांझी, आरक्षक वीरेंद्र कंवर, खेमलाल चौहान, अदिकंद प्रधान को ग्राम उज्जवलपुर कार्रवाई के लिये रवाना किया गया। गवाहों के साथ पुलिस टीम द्वारा संदेही महिला श्रीमती रजनी कसेर के घर जाकर उसे तलब किया गया। अवैध शराब बिक्री के संबंध में पूछताछ करने पर श्रीमती रजनी कसेर घर के रसोई कमरे से निकालकर आंगन में एक सफेद बोरी में रखें 60 नग 250एमएल वाली पाउच (15लीटर) जिसमें महुआ शराब रखा था लाकर पेश की। आरोपिया रजनी कसेर पति स्वर्गीय बीवच्छ कसेर उम्र 40 वर्ष निवासी उज्जवलपुर नीचे पारा थाना पूंजीपथरा के कब्जे से कुल 15 लीटर अवैध महुआ शराब कीमती 1500 रुपए का गैरकानूनी तरीके से रखना पाए जाने पर आरोपिया के परिचित को सूचना देकर आरोपियों को गिरफ्तार कर ष्छ्रू न्यायालय रायगढ़ रिमांड पर भेजा गया है। आरोपिया पर पूंजीपथरा पुलिस द्वारा वर्ष 2019 में भी आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया था।

## सोढ़रडीह के शिक्षक संतराम साहू ने स्कूल के सभी बच्चों को किया मुफ्त स्वेटर का वितरण

**रायगढ़ ।** अभी हाल में पड़ रहे ठंड की वजह से विकास खण्ड सारंगढ़ के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोढ़रडीह के स्कूली बच्चों द्वारा स्कूल आने-जाने में हो रही परेशानी को देखते हुए विद्यालय के शिक्षक संतराम साहू (शिक्षक एल बी) ने अपने विद्यालय के सभी बच्चों को स्वयं के द्वारा निःशुल्क स्वेटर वितरण किया। वर्तमान में माध्यमिक विद्यालय सोढ़रडीह में बच्चों की कुल दर्ज संख्या 15 है। सन्तराम राम साहू ने स्व-स्फूर्त होकर बच्चों को निःशुल्क स्वेटर वितरण करने की बात स्टाफ में रखी तो पूरे विद्यालय के सभी शिक्षक स्टाफ सदस्यों ने उक्त कार्य के लिए साहू की सराहना किये। शिक्षक सन्तराम साहू के द्वारा स्वेटर वितरण की जानकारी संकुल प्राचार्य डी.एल.जायसवाल को जानकारी होने पर संकुल प्राचार्य ने साहू सर की प्रशंसा करते हुए इस प्रकार की विद्यार्थी हित में कार्य करना प्रेरणादायक कहा। बच्चों को निःशुल्क स्वेटर वितरण करने पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी सारंगढ़ आर.एन.सिंह, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी सारंगढ़, मुकेश कुर्रे, एवं बीआरसीसी शोभाराम पटेल ने भी सराहनीय कार्य के लिए सन्तराम राम साहू को बधाई एवं आशीर्वाद प्रदान किये। सन्तराम साहू की इस पुनीत कार्य के लिए क्षेत्र के संकुल समन्वयक मोहन लाल जांगडे सीएसी लिमगांव, महंगू दास भारद्वाज सीएसी साल्हे, वेतन केंद्र प्रभारी विमल अज्जगल्ले, प्रधान पाठक तोबियस तिर्की एवं साथी शिक्षक हुमलाल यादव, ज्ञानलता कुजूर एवं संकुल लिमगांव के सभी शिक्षकों ने उक्त सराहनीय कार्य को प्रेरणादायी कार्य कहकर उन्हें बधाई दिया।

## 15 से 18 वर्ष के किशोरों को टीकाकरण की शुरूआत, कलेक्टर भीम सिंह पहुंचे टीकाकरण केन्द्र, बढ़ाया बच्चों का हौसला

» पहले दिन 5799 बच्चों ने लगवाए टीके



**रायगढ़ ।** 3 जनवरी से 15 से 18 वर्ष के किशोरों को कोविड टीकाकरण की शुरूआत हुई। पहले दिन जिले के 71 केन्द्रों में टीके लगाये गये। कलेक्टर भीम सिंह ने भी वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचकर टीकाकरण का जायजा लिया और बच्चों को मोटिवेट किया। कलेक्टर सिंह निरीक्षण में जिला पंचायत कार्यालय के सामने स्थित जतन परिसर में बनाए गए वैक्सीनेशन सेंटर के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने टीका लगवाने पहुंचे बच्चों से बात की और उन्हें उनकी जागरूकता के लिए शाबासी दी कि वे कोविड से बचाव के लिए चल रहे टीकाकरण अभियान के पहले दिन ही टीका लगवाने पहुंचे है। उन्होंने बच्चों से कहा कि अपने पहचान में जितने भी 15 से 18 वर्ष के बच्चे है उन्हें भी टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करें। ताकि जल्द से जल्द जिले में 15 से 18 आयु वर्ग के बच्चों का टीकाकरण पूरा किया जा सके। इस दौरान सेंटर में कुछ पालक भी पहले दिन अपने बच्चों का टीकाकरण करवाने पहुंचे थे। कलेक्टर सिंह ने उनसे भी चर्चा कर टीकाकरण में उनकी सहभागिता की सराहना की। इस दौरान उन्होंने सेंटर में टीकाकरण के लिए सभी व्यवस्थाएं रखने के लिए जिला टीकाकरण अधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही कहा कि वैक्सीनेशन के दौरान अगर किसी प्रकार की कोई मेडिकल इमरजेंसी हो तो उसके लिए भी अपनी पूरी तैयारी रखें।

**5799 टीके लगें आज जिले में** - जिले में शाम 5 बजे तक आज 15 से 18 वर्ष के कुल 5799 किशोरों को कोविड टीका लगाया गया। जिसमें विकासखण्ड बरमकेला में 1864, पुसौर में 521, घरघोड़ा में 437, रायगढ़ अर्बन में 376, सारंगढ़ में 442, खरसिया में 527, लैलूंगा में 284, लोईंग में 535, धरमजयगढ़ में 608 एवं तमनार में 205 किशोरों को टीका लगाया गया।

## जिंदल कोल गेट से चोरी हुई पिग आयरल लोड ट्रक की बरामदगी में कोतरारोड़ पुलिस को मिली सफलता

» 11 लाख रूपये के पिग आयरन समेत ट्रक की हुई थी चोरी

» लावारिश खड़ी मिली ट्रक 22 लाख रूपये की सम्पत्ति सुरक्षित, अज्ञात आरोपी की पतासाजी में जुटी पुलिस टीम




**रायगढ़।** कल दिनांक 02.01.2022 के रात्रि थाना कोतरारोड़ में ट्रांसपोर्टर फुलेन्दर सिंह (उम्र 57 वर्ष) निवासी कालिन्दी कुन्ज जुटमिल रायगढ के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध ट्रक समेत 25.550 टन पिग आयरन चोरी का अपराध कायम किया गया था। कोतरारोड़ थाना प्रभारी टीआई चमन सिन्हा द्वारा पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के दिशा निर्देशन मार्गदर्शन पर चोरी के वारदात के तुरंत बाद घटनास्थल जिंदल ट्रांसपोर्ट नगर कोयलागेट के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेजों को घटना समय के बाद से चेक करते गये जिससे वाहन के पूंजीपथरा की ओर जाने का पता चला थाना प्रभारी कोतरारोड द्वारा थाना प्रभारी पूंजीपथरा, तमनार को घटना की जानकारी देकर अपने सक्रिय मुखबिरों को माल मुलिज्म की पतासाजी के लिए सूचना कहा गया , इसी दरम्यान मुखबिर द्वारा ग्राम गोदगोदा जंगल अंदर एक ट्रक को लावारिश हालत में खड़ी होने की सूचना दिया गया , जिस पर तत्काल टीआई चमन सिन्हा, सहायक उप निरीक्षक डीपी भारद्वाज एवं हमराह स्टाफ के साथ गोदगोदा जंगल से वाहन सीजी 13 डी 8999 की मय पिग आयरन बरामदगी कर थाना लाया गया है। कोतरारोड़ पुलिस वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर अज्ञात आरोपी की पतासाजी में जुट गई है। कोतरारोड़ पुलिस की त्वरित कार्रवाई से लाखों की क्षति से प्रार्थी को बचाया जा सका।

घटना के संबंध में ट्रांसपोर्टटर द्वारा थाना कोतरारोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि दिनांक 01/01/2022 के शाम को मोनेट नहरपाली से पिग आयरन ट्रक क्र0 सीजी 13 डी 8999 मे 25.550 टन लोड कर बंजारी मंदिर बी0एस0 स्पंज के लिए चालक मुकेश चौरसिया निकला था, रात होने से चालक ट्रक को लोड हालत मे जिंदल ट्रांसपोर्ट नगर कोयलागेट के पास 10/00 बजे रात्रि खडी कर अपने रूम गोरखा चला गया था। दिनांक 02/01/2022 के सुबह 06/00 बजे चालक मुकेश चौरसिया इसे फोन करके बताया कि ट्रक चोरी हो गई है। ट्रक क्र0 सीजी 13 डी 8999 की कीमत 10,50,000 रूपये एवं ट्रक में लोड पिग आयरन वजन 25.550 टन कीमती 11,75,812 रूपये कुल जुमला कीमती 22,25,812 रूपये को कोई अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट अप.क्र. 02/2022 धारा 379 आईपीसी दर्ज कर 24 घंटे के भीतर ट्रक की मय माल बरामदगी की गई है।

## फरार दो वारंटी गिरफ्तार, कापू पुलिस ने की न्यायालय में पेश



**रायगढ़।** कापू पुलिस द्वारा आज दिनांक 03.01.2022 को छ्वरूस्नष्ट धरमजयगढ़ न्यायालय से प्राप्त वारंटी (1) सहस राम उरांव पिता बुलीराम उरांव उम्र 42 साल निवासी चितामडा कापू (2) नंदूराम कोरवा पिता बीरूराम कोरवा उम्र 18 वर्ष निवासी छुहीपहाड़ क्रिन्धा कापू के गिरफ्तारी वारंट के परिपालन में वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। वारंटी सहसराम उरांव के विरूद्ध थाना कापू में अप.क्र. 37/11 धारा 294,506,323 आईपीसी तथा वारंटी नंदूराम उरांव को अप.क्र. 64/16 धारा 294,506 (बी), 323,34 आईपीसी के मामले में वारंट जारी किया गया था। दोनों न्यायालय उपस्थित नहीं हो रहे थे।वारंट जारी होने पर फरार वारंटियों को थाना प्रभारी कापू उपनिरीक्षक अजीब बेक द्वारा मुखबिर लगाकर गिरफ्तार किया गया , जिन्हें आज न्यायालय पेश किया गया है।

## राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को जाना लोगों ने छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से

» सारंगढ़ में लगा विकासखंड स्तरीय छायाचित्र प्रदर्शनी



**रायगढ़ ।** राज्य शासन के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार की उपलब्धियों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन आज सारंगढ़ के भारत माता चौक में किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से योजनाओं के संबंध में जानकारी लेने बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं स्कूली बच्चों ने रूचि दिखाई। जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित विकास छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से विभिन्न शासकीय योजनाओं के पत्रिका एवं ब्रोशर, पाम्पलेट का निःशुल्क वितरण किया गया।

छायाचित्र प्रदर्शनी देखने आए लोगों ने प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को आमजनों तक पहुँचाया जा रहा है। जो राज्य शासन की एक अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को संकलित कर छायाचित्र विकास प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित की जा रही है। जो बच्चों के सामान्य ज्ञान बढ़ाने में मददगार साबित होगी। उन्होंने प्रदर्शनी को बच्चों के अलावा आम नागरिकों के लिए भी उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया। फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से शासकीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना एक अच्छी पहल है। इसी तरह अनेक लोगों ने भी छायाचित्र विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रदर्शनी को उपयोगी एवं सार्थक बताया।

**राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित पत्रिकाओं का किया गया निःशुल्क वितरण** - इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन की मासिक पत्रिका जनमन एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तृत जानकारी वाले पाम्पलेट, ऐतिहासिक जीत को सलाम, आदिवासी हित सबसे आगे से संबंधित पॉकेटबुक का निःशुल्क वितरण किया गया। छायाचित्र प्रदर्शनी में आकर्षक सनबोर्ड के माध्यम से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं-राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, लोक परम्पराओं और संस्कृति का उजास, आधुनिक शिक्षा से आसमान छुएंगे नवनिहाल, राम गमन पथ, धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना, संसाधनों के वैल्यू एडिशन से औद्योगिक विकास, जल जीवन मिशन, नई प्रशासनिक इकाईयों की शुरूआत, जनसशक्तिकरण से आर्थिक विकास और सिंचाई परियोजना का विकास, ब्याज मुक्त, कृषि ऋण योजना आदि योजनाओं से संबंधित उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। इस मौके पर सारंगढ़ क्षेत्र एवं आसपास ग्रामीण इलाकों के बड़ी संख्या में महिला-पुरूष एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सरिया के पूर्वांचल और उकिया देवी कॉलेज में आयोजित हुई जागरूकता कार्यक्रम

» सरिया पुलिस व रक्षा टीम की छात्र-छात्राओं को अपराधों के प्रति जागरूक

» छात्रों को दी गई साइबर अपराधों की जानकारी बताए गए बचाव के उपाय



**रायगढ़।** थाना सरिया अन्तर्गत शासकीय पूर्वांचल कॉलेज सरिया और श्रीमति उकिया देवी कॉलेज में आज दिनांक 03.01.2022 को पुलिस महिला रक्षा टीम एवं सरिया पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पूर्वांचल कॉलेज कार्यक्रम में थाना प्रभारी सरिया उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल एवं पुलिस महिला रक्षा टीम प्रभारी मंजू मिश्रा द्वारा कॉलेज के छात्र, छात्राओं को सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे साइबर क्राइम, ऑनलाइन शॉपिंग से ठगी, एटीएम फ्रॉड काल, महिलाओं पर घटित अपराधों के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर ऐसे अपराधों से बचाव के उपाए बताये गये।

थाना प्रभारी सरिया उप निरीक्षक के.के. पटेल द्वारा छात्रों को ट्रैफिक नियम का पालन करने एवं ऑनलाइन ठगी के शिकार होने पर तत्काल पुलिस से सहायता लेकर अकाउंट होल्ड कराने की सलाह दी गई। उनके द्वारा सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्तियों से दोस्ती नहीं करने की सलाह दी तथा किसी भी व्यक्ति को अपने निजी फोटो व वीडियो शेयर करने से मना किए। महिला रक्षा प्रभारी द्वारा छात्राओं को अवांछनीय झिंटाकशी, छेड़खानी पर विरोध कर शिकायत करने को कहा गया यौन उत्पीड़न को छिपाएं नहीं बल्कि परिवार एवं पुलिस को उसकी जानकारी दें। ताकि दोषियों को दंड मिले। उनके द्वारा महिलाओं को प्राप्त अधिकारों के संबंध में जानकारी दिया गया। इस दौरान छात्र-छात्राएं पुलिसिंग के प्रति जिज्ञासा पर कई सवाल उप निरीक्षक कमल किशोर से पूछे जिनका जवाब देकर थाना प्रभारी द्वारा उनकी जिज्ञासा शांत की गई।

श्रीमति उकिया देवी कॉलेज में रक्षा टीम प्रभारी मंजू मिश्रा द्वारा छात्राओं को यौन अपराधों, पाक्सो एक्ट सहित के संबंध में जानकारी देकर हेल्प लाइन नम्बर डॉयल 112 की जानकारी देकर उसके कार्य को बताया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी सरिया द्वारा छात्राओं को अश्लीलता एवं दुराचार को छुपाए नहीं बल्कि परिवार को बताने की सलाह दी गई और बताये कि पुलिस आपकी शिकायत/रिपोर्ट पर हर प्रकार से मदद करेगी। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के अलावा नगर पंचायत सरिया अध्यक्ष स्वपनिल स्वर्णकार ,पूर्व अध्यक्ष शरद यादव सभी पार्षद गण, मीडिया सहयोगी व स्कूल के स्टाफ एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480